प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। एक सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि संगम पर स्नान करना एक दिव्य जुड़ाव का क्षण है।श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि मां गंगा देशवासियों को शांति, ज्ञान, अच्छे स्वास्थ्य और सद्भाव का आशीर्वाद देंगी। प्रधानमंत्री ने गंगा, यमुना और सरस्वती नदी के संगम त्रिवेणी पर पूजा–अर्चना भी की।

******************

अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा महाकुंभ में छह से दस फरवरी तक जनजातीय समागम का आयोजन किया गया है। इसमें वनवासी कल्याण केन्द्र के नेतृत्व में झारखंड से भी 11 सौ जनजातीय युवा हिस्सा लेंगे। युवाओं का यह दल आज रांची–टुंडला महाकुंभ स्पेशल ट्रेन से प्रयागराज के लिए रवाना हो गया। वनवासी कल्याण केन्द्र के प्रांत प्रचार प्रमुख सुनील सिंह ने बताया कि कल जनजातीय समागम में देशभर के 25 हजार जनजातीय समुदाय के श्रद्धालु शामिल होंगे।

******************

भाजपा ने झारखंड के नए डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए इसे सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना बताया है। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार ने नियमों के खिलाफ निर्णय लिया है और हाईकोर्ट को इस पर स्वतः संज्ञान लेना चाहिए। श्री मरांडी ने कहा कि यूपीएससी द्वारा पैनल तय किए बिना डीजीपी नियुक्त करना नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता की सेवानिवृत्ति 30 अप्रैल को होनी थी, लेकिन सरकार ने 2026 तक सेवा विस्तार देकर नियमों के विपरीत फैसला लिया है।

******************

रांची में 8 से 10 फरवरी तक एग्रोटेक किसान मेला 2025 का आयोजन बिरसा कृषि विश्विद्यालय में किया जाएगा। इस मेले में कृषि विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, और उद्यमी कृषि उत्पादकता, सुरक्षित खाद्य एवं पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री 8 फरवरी को मेले का उद्घाटन करेंगे और तीन दिन के दौरान कृषि प्रदर्शनियां, कार्यशालाएं और इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे किसान अपनी उपज और आय में वृद्धि कर सकेंगे।

******************

राजभवन का उद्यान आम नागरिकों के लिए कल से खोल दिया जायेगा। नागरिक 12 फरवरी तक राजभवन उद्यान का भ्रमण करके वहां खूबसूरत फूलों और पौधों को देख सकेंगे। उद्यान हर दिन सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक खुला रहेगा। राजभवन के गेट नंबर दो से आवश्यक सुरक्षा जांच के बाद दिन के एक बजे तक लोगों को उद्यान में प्रवेश दिया जायेगा। लोगों को अपने साथ अपना एक पहचान पत्र रखना आवश्यक होगा।

******************

हजारीबाग के चौपारण प्रखंड में वन विभाग ने असनाचुआ जंगल में लगभग 10 एकड़ में फैली अवैध पोस्ता की खेती नष्ट की। प्रभारी वनपाल पंकज कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। वन विभाग की पहले हुई कार्रवाई के बाद स्थानीय लोग अवैध खेती के बारे में खुलासे करने लगे।

******************

आर्मी भर्ती कार्यालय रांची द्वारा सिमडेगा स्थित आईटीआई कॉलेज में भर्ती शिविर का आयोजन किया गया है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

साहिबगंज जिले में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर बैठक हुई। बैठक में चौकीदार, समाज कल्याण विभाग समेत अन्य पदों पर पारदर्शी भर्ती के निर्देश दिए गए।

****समाप्त****